भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र

डाकघर : केट
इन्दौर-452013

विज्ञापन संख्या : आरआरकेट-1/2011
आवेदन-पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि **17.10.2011**

राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र, इन्दौर में प्रशिक्षण हेतु वेतनभोगी प्रशिक्षार्थियों (श्रेणी । एवं ।।) के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

**श्रेणी -। पदों की कुल संख्या :30 (अजा-05, अजजा-04, अपिव-06, *एचएच-01, सामान्य-14)**

| पद सं. | विषय | पदों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | भौतिकी | 14 | बी.एससी. (भौतिकी मुख्य विषय के रूप में और गणित/ रसायन/ सांख्यिकी/ इलेक्ट्रॉनिक्स/ कंप्यूटर साइंस सहायक विषयों के रूप में) में न्यूनतम 60% अंक |
| 2. | यांत्रिकी (मेकेनिकल) | 06 | मेकेनिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग में डिप्लोमा/लाइसेंसिएट में न्यूनतम 60% अंक (एस.एस.सी. के बाद 3 वर्ष अथवा एच.एस.सी. के बाद 2 वर्ष) |
| 3. | इलेक्ट्रॉनिक्स/ इंस्ट्रूमेंटेशन | 10 | |

**श्रेणी-।। : पदों की कुल संख्या : 27 (अजा-02, अजजा-04, अपवि-04, * एचएच-01, सामान्य-16)**

| पद सं. | ट्रेड | पदों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | इलेक्ट्रॉनिक्स/ इंस्ट्रूमेंटेशन | 10 | एसएससी अथवा एचएससी में विज्ञान और गणित विषय में न्यूनतम 60% अंक तथा इन्स्ट्रूमेंटेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स/मशीनिस्ट/ फिटर/टर्नर/मिलर में आईटीआई प्रमाणपत्र।<br>आईटीआई/एनसीवीटी योग्यता निम्नलिखित दो में से एक होनी चाहिए -<br>1) 2 वर्ष की अवधि का आईटीआई /एनसीवीटी<br>अथवा<br>2) 1 वर्ष की अवधि का आईटीआई और पाठ्यक्रम की समाप्ति के बाद 1 वर्ष का संबद्ध ट्रेड का अनुभव। |
| 2. | मशीनिस्ट/मिलर | 02 | |
| 3. | फिटर | 11 | |
| 4. | टर्नर | 02 | |
| 5. | प्रयोगशाला | 02 | विज्ञान संकाय एचएससी में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक तथा भौतिकी, गणित एवं जीव विज्ञान विषय होने चाहिए<br>अथवा<br>एचएससी (भौतिकी, रसायन तथा गणित विषय) एसएससी में न्यूनतम 60% अंक तथा लेबोरेटरी में आईटीआई प्रमाणपत्र।<br><br>आईटीआई/एनसीवीटी योग्यता निम्नलिखित दो में से एक होनी चाहिए -<br>1) आईटीआई/एनसीवीटी 2 वर्षों से कम नहीं अथवा<br>2) 1 वर्ष की अवधि के आईटीआई और पाठ्यक्रम की समाप्ति के बाद 1 वर्ष का संबद्ध ट्रेड का अनुभव। |

* श्रेणी-। के लिए, क्रम सं. 1 अथवा 3 के लिए एक पद, श्रेणी -।।, केवल क्रम सं. 5 के लिए एक पद सुनने में अशक्त के लिए आरक्षित। सुनने में अशक्त से तात्पर्य सामान्य कान में बातचीत सुनने की शक्ति की आवृत्ति का 60 डेसीबल अथवा अधिक का ह्रास होना।

**नोट :**

**<u>श्रेणी :। के लिए</u>**

1. **वे अभ्यर्थी जो एम.एससी./इंजीनियरिंग में उपाधि/एएमआईई/ समकक्ष अथवा एम.एससी. / इंजीनियरिंग /एएमआईई/समकक्ष (अंतिम वर्ष) परीक्षा में शामिल हो रहे हैं, उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा इसलिए उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।**
2. **डिप्लोमा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से होना चाहिए।**

**<u>श्रेणी :।। के लिए</u>**

1. **वे अभ्यर्थी जो बी.एससी./इंजीनियरिंग में डिप्लोमा/एएमआईई/ इंजीनियरिंग में उपाधि / समकक्ष अथवा बी.एससी. / इंजीनियरिंग में डिप्लोमा /एएमआईई/ इंजीनियरिंग में उपाधि / समकक्ष (अंतिम वर्ष) परीक्षा में शामिल हो रहे हैं, उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा इसलिए उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।**
2. **आईटीआई प्रमाणपत्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से होना चाहिए।**

**<u>आयु सीमा :</u>**

1. दिनांक **17.10.2011** को श्रेणी । के लिए 19 वर्ष (न्यूनतम) और 24 वर्ष (अधिकतम) और श्रेणी ।। के लिए 18 वर्ष (न्यूनतम) और 22 वर्ष (अधिकतम)

उपर्युक्त निर्धारित ऊपरी आयु में छूट निम्नानुसार है :

क) यदि अभ्यर्थी अजा/अजजा श्रेणी के हैं तो अधिकतम 5 वर्ष तक

ख) यदि अभ्यर्थी अन्य पिछड़ा वर्ग के हैं तो अधिकतम 3 वर्ष तक

ग) **<u>शारीरिक रूप से अशक्त व्यक्तियों के लिए</u>** : श्रेणी सं.। के लिए लागू (पद सं. 1व 3 ) सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम 5 वर्ष । अपिव श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम 8 वर्ष तथा अजा/अजजा श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम 10 वर्ष।

श्रेणी सं. ।। के लिए लागू (पद सं.5) सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम 10 वर्ष। अपिव श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम 13 वर्ष तथा अजा/अजजा श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम 15 वर्ष ।

घ) उपरी आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट उन सभी व्यक्तियों के लिए लागू होगी जो 1 जनवरी 1980 से 31 दिसंबर 1989 की अवधि के दौरान जम्मू और कश्मीर राज्य के कश्मीर डिविजन के निवासी हैं बशर्ते किसी भी परीक्षा में बैठने के लिए उपरी आयु सीमा में छूट संबंद्ध नियमों के तहत अधिकतम अनुमत अवसरों के अंतर्गत होगी ।

निवास सबूत का प्रमाण-पत्र : कोई भी व्यक्ति जो नियम 3 के तहत लागू आयु सीमा की छूट लेने का पात्र है उन्हें निम्नलिखित अधिकारी का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा :-

क) कश्मीर डिवीजन में जिला मजिस्ट्रेट जिनके क्षेत्राधिकार में वे सामान्यतः निवास करते थे अथवा

ख) इस संबंध में जम्मू और कश्मीर सरकार द्वारा पदनामित किसी अन्य प्राधिकारी का इस आशय का प्रमाण-पत्र कि वे 1 जनवरी 1980 से 31 दिसंबर 1989 की अवधि के दौरान जम्मू और कश्मीर राज्य के कश्मीर डिविजन में सामान्यतः निवास करते थे ।

2. पांच वर्ष की उपरी आयु सीमा में छूट उन लोगों के बच्चों/परिवार के सदस्यों के लिए लागू होगी जो 1984 के दंगों में मारे गए थे ।

<u>**प्रशिक्षण की कुल अवधि :**</u> श्रेणी । के लिए : 2(दो) वर्ष
श्रेणी ।। के लिए : 2(दो) वर्ष

<u>**प्रशिक्षण के दौरान वजीफा :**</u>

श्रेणी । के लिए : पहले वर्ष के लिए रू. 9,300/- प्रतिमाह
रू. 9,300/- प्रतिमाह से अधिक वजीफा यथा समय घोषित किया जाएगा ।

श्रेणी ।। के लिए : पहले वर्ष के लिए रू. 6,200/- प्रतिमाह
दूसरे वर्ष के लिए रू. 7,200/- प्रतिमाह

उपरोक्त के अलावा, दोनों श्रेणियां । तथा ।। के प्रशिक्षार्थी उनके प्रशिक्षण पाठ्यक्रम से संबंधित अनुमोदित पुस्तकें खरीदने के लिए एक बार पुस्तक भत्ते के रूपए 1500/- पाने के हकदार होंगे।

<u>**आवास :**</u> श्रेणी-। तथा श्रेणी -।। के अभ्यर्थियों को आरआरकेट द्वारा आरआरकेट कालोनी में विभाग द्वारा अनुमोदित निर्धारित शुल्क पर शेयरिंग आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

<u>**लिखित परीक्षा**</u> : एक घंटे की अवधि की लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी उसमें वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों का समावेश होगा। अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए इन्दौर में कम से कम दो दिनों तक ठहरने की तैयारी से आना होगा। लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को इन दो दिनों के लिए कोई आवास उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। उक्त परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम डिप्लोमा/बी.एससी. स्तर (श्रेणी -। के लिए) तथा श्रेणी-।। के लिए एसएससी/एचएससी/ आईटीआई स्तर (जैसा भी मामला हो) के विषयों पर पर आधारित होगा। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सीमित कर उसी दिन अथवा अगले दिन साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा ।

साक्षात्कार में अभ्यर्थियों की परफारमेंस के आधार पर अंतिम चयन और रैंकिंग दी जाएगी । लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों को कोई महत्व नहीं दिया जाएगा। इस संबंध में केन्द्र का निर्णय अंतिम होगा।

<u>**प्रशिक्षण क्षेत्र :**</u>

चयनित अभ्यर्थियों को इस केन्द्र की युक्ति-युक्त आवश्यकताओं के लिए प्रत्येक ट्रेड के निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार केन्द्र में संबंधित ट्रेडों के विभिन्न पहलुओं में प्रशिक्षण दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को किसी विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम /प्रशिक्षण स्थान के लिए चयन/विकल्प नहीं होगा।

प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को 24 घण्टे शिफट ड्यूटी (रात्रिकालीन पारी सहित) विभिन्न पारियों में कार्य करना पड सकता है ।

<u>**सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात ग्रेड:**</u>

प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक पूर्ण होने के पश्चात, प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण की समाप्ति पर साक्षात्कार एवं प्रशिक्षण की अवधि के दौरान कार्यों के आधार पर निम्नलिखित ग्रेडों में से एक ग्रेड के लिए विचार किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान कार्य के आधार पर, नियुक्ति के समय उन्हें अतिरिक्त वेतनवृद्धियां दी जाएगी।

| प्रशिक्षार्थी | पद | अनुरूप पे बैंड | अनुरूप ग्रेड पे | पे बैंड में अनुरूप प्रारंभिक वेतन | कुल परिलब्धियां (अनुमानित) |
|---|---|---|---|---|---|
| श्रेणी -। | वैज्ञानिक सहायक/सी | ₹ 9300-34800 | ₹ 4600/- | ₹ 12,540/- | ₹ 30,517/- |
| श्रेणी-।। | तकनीशियन/सी | ₹ 5200-20200 | ₹ 2400/- | ₹ 7,510/- | ₹ 18,154/- |
| | तकनीशियन/बी | ₹ 5200-20200 | ₹ 2000/- | ₹ 6,460/- | ₹ 15,070/- |

**<u>बंधपत्र :</u>** चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने और यदि प्रशिक्षण के पश्चात अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रस्ताव दिया जाता है, तो ऐसी नियुक्ति के पश्चात की 4 वर्ष की अवधि तक आरआरकेट, इन्दौर अथवा परमाणु ऊर्जा विभाग (पऊवि) की किसी भी संघटक इकाई में कार्य करने का बंधपत्र भरना होगा। प्रशिक्षार्थी जिन्हें नियुक्ति प्रस्ताव दिया गया है, प्रशिक्षण पूरा करने में अथवा 4 वर्षों की सरकारी सेवा करने में असफल रहते हैं तो सरकारी नियमानुसार प्रशिक्षण के दौरान उन्हें प्राप्त हुई वजीफे की संपूर्ण समकक्ष राशि ब्याज सहित सरकार को लौटानी होगी।

**<u>आवेदन कैसे करें :</u>**

1. आवेदन-पत्र यहां दिए गए प्रपत्र में प्रस्तुत करना चाहिए ।
2. आवेदन-पत्र ए-4 आकार के पेपर में टंकित होगा तो अच्छा रहेगा।
3. आवेदन-पत्र और लिफाफे पर विज्ञापन सं. आरआरकेट-1/2011 के साथ श्रेणी-1/श्रेणी-।। के पद सं. ------------------------- के लिए आवेदन-पत्र" लिखा होना चाहिए।
4. एक पद के लिए केवल एक आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए। यदि अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, तो प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन-पत्र प्रस्तुत किए जाने चाहिए।
5. अभ्यर्थियों को उनके स्वयं के हित में यह सलाह दी जाती है कि वे अपने आवेदन-पत्र स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से भेजे।

## <u>प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियां</u>

अभ्यर्थी को अपने आवेदन-पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की साक्ष्यांकित एक-एक प्रति संलग्न करनी चाहिए :-

क) शैक्षणिक योग्यताएं / अनुभव और तकनीकी / व्यावसायिक योग्यताओं (उपयुक्त अंकसूचियां जिनमें परीक्षा में लिए गए विषय दर्शाए गए हो) से संबंधित प्रमाणपत्र

ख) जन्म-तिथि प्रमाणपत्र (कक्षा 10 वीं अथवा 12 वीं की अंकसूची अथवा प्रमाणपत्र)

ग) केन्द्र सरकार रोजगार के लिए लागू निर्धारित प्रपत्र में अजा/अजजा/अपिव जाति प्रमाणपत्र। अपिव के लिए आयु में छूट और आरक्षण के उद्देश्य का अर्थ होगा "अपिव श्रेणी के व्यक्ति क्रीमी लेयर के नहीं है" जो भारत सरकार, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग दिनांक 08/09/1993 के कार्यालय ज्ञापन सं. 36012/22/93-स्था.(एससीटी) और भारत सरकार, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 09/03/2004 के कार्यालय ज्ञापन सं. 36033/3/2004-स्थापना (आरक्षण) के तहत संशोधित में यथा परिभाषित है।

घ) शारीरिक रूप से अशक्तता के संबंध में उपयुक्त प्राधिकारी का अशक्तता प्रमाणपत्र (अशक्त व्यक्तियों के लिए लागू)

## <u>सुनने में अशक्त प्रमाणपत्र के लिए महत्वपूर्ण आवश्यकताएं</u>

i) केन्द्र सरकार द्वारा दिनांक 31/12/1996 को अधिसूचित अशक्त व्यक्ति (समान अवसर, संरक्षण अधिकार और पूर्ण सहभागिता) नियमावली, 1996 के अनुसार अशक्त व्यक्ति (समान अवसर, संरक्षण अधिकार और पूर्ण सहभागिता) अधिनियम, 1995 (1996 का 1) की धारा 73 की उपधारा (1) तथा (2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके, केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा अशक्तता प्रमाणपत्र विधिवत रूप से जारी किया जाना चाहिए। केन्द्र/राज्य सरकार कम से कम तीन सदस्यों का एक मेडिकल बोर्ड गठित करें जिनमें कम से कम एक सदस्य संबद्ध क्षेत्र का विशेषज्ञ हो।

II) जिन अभ्यर्थियों में अशक्तता अस्थाई तौर पर है, उनके लिए प्रमाण-पत्र 5 वर्ष की अवधि के लिए वैध होगा । जहाँ कहीं अशक्तता की मात्रा में परिवर्तन की संभावना रहेगी वहाँ प्रमाण-

पत्र की वैधता की अवधि मेडिकल बोर्ड दर्शाएगा । वे जिन्हें स्थाई अशक्तता है तो वैधता को स्थाई दर्शाया जा सकता है । अभ्यर्थियों के अभ्यावेदन पर, मेडिकल बोर्ड सभी तथ्यों और मामले की परिस्थियों को ध्यान में रखते हुए अपने निर्णय की समीक्षा कर सकता है और ऐसे आदेश जारी कर सकता है जो मामले के लिए उचित होंगे ।

III) बिना किसी छूट के मापदंडों के आधार पर प्रावीण्य सूची में अन्य अभ्यर्थियों के साथ चयनित अजा/अजजा/अपिव के अशक्त व्यक्तियों को अनारक्षित रिक्तियों के मद्दे विचार किया जाएगा, बशर्ते उक्त पद संबद्ध श्रेणी के अशक्त व्यक्तियों के लिए स्थापित किया गया हैं।

**नोट :-**

क) लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाए गए अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थियों को नियमानुसार यात्रा भत्ता दिया जाएगा । हालाँकि, पहले से ही केन्द्र/राज्य सरकार सेवा, केन्द्र/राज्य सरकार निगम,सार्वजनिक उपक्रम,स्थानीय सरकारी संस्थान और पंचायतों में कार्यरत अभ्यर्थियों के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा ।

ख) इस विज्ञापन के मद्दे चयनित किए गए अभ्यर्थियों को आरआरकेट,इंदौर में प्रशिक्षित किया जाएगा । सफल प्रशिक्षण के उपरांत उन्हें आरआरकेट,इंदौर में तैनात किए जाने की संभावना है, किन्तु उन्हें भारत के किसी भी स्थान और परमाणु ऊर्जा विभाग की किसी भी संघटक इकाई में कार्य करना होगा।

ग) उपरोक्त दर्शाई गई रिक्तियॉं अस्थाई हैं और इनमें परिवर्तन हो सकता है । विज्ञापन में दर्शाए गए रिक्त पद भी सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से भरे जाएंगे और यदि निर्णय लिया गया तो, पद न भी भरे जा सकते हैं, अन्यथा समय-समय पर जारी सरकारी आदेशों की शर्ते लागू रहेंगी।

घ) प्रचालन संयंत्रों एवं क्षेत्रों में उपर्युक्त श्रेणियों के कर्मचारियों द्वारा की जाने वाली ड्यूटी में 24 घंटे शिफ्ट ड्यूटी (रात की पारी सहित) में कार्य करना शामिल होगी।

ड) यह विज्ञापन आरआरकेट,इंदौर की वेबसाइट www.rrcat.gov.in पर उपलब्ध है और अभ्यर्थी आवेदन के लिए इस साइट से प्रोफॉर्मा डाउनलोड कर सकते हैं ।

च) उपरोक्त पदों के मददे नियुक्त किए जाने वाले व्यक्तियों कोभारत सरकार, वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग की दिनांक 22.12.2003 की अधिसूचना सं एफ.सं.5/7/2003-ईसीबी एवं पीआर के तहत यथा अधिसूचित नई अंशदायी पेंशन योजना के अंतर्गत शामिल किया जाएगा।

छ) केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत व्यक्तियों को अपने आवेदन उचित माध्यम से प्रस्तुत करने चाहिए। हालांकि, वे अपने आवेदन की अग्रिम प्रति उपर वर्णित संलग्नकों के साथ नीचे दिए पते पर भेज सकते हैं :-

ज) अभ्यर्थी द्वारा विधिवत् रूप से हस्ताक्षरित अपना आवेदन प्रशासनिक अधिकारी-III, राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र, डाकघर-केट,इंदौर -452013 के पास भिजवाया जाना चाहिए जो दिनांक **17.10.2011** तक या उससे पूर्व उनके पास पहुँच जाए।

**<u>महत्वपूर्ण सूचना</u> :**

ऐसे आवेदन.पत्र, जो विज्ञापन में उल्लिखित आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं हैं अथवा निर्धारित प्रपत्र में नहीं है अथवा जिसके साथ प्रमाण.पत्रों की सांक्ष्यांकित प्रतियाँ पासपोर्ट आकार का फोटो आदि संलग्न नहीं हैं, स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विज्ञापन में दर्शाई गई जरुरतों को सिर्फ पूर्ण

करने से ही अभ्यर्थी लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए योग्य नहीं हैं। जहाँ इस विज्ञापन के प्रत्युत्तर में प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या अधिक है तो इस केन्द्र के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अधिक प्रतिशत अंकों के आधार पर स्क्रिनिंग को सीमित कर दिया जाएगा। इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

**<u>चेतावनी : किसी भी प्रकार की सिफारिश करने पर प्रार्थी को अयोग्य माना जाएगा</u>**

केवल कार्यालय के प्रयोगार्थ

आवेदन–पत्र सं.

**राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र**

**आवेदन–पत्र**

**कृपया उपयुक्त खाने में "X" का चिह्न लगाएँ ।**

पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाएं ।

1. विज्ञापन संख्या : आरआरकेट–1/2011

2. पद संख्या :

3. पद का नाम :

4. नाम (स्पष्ट अक्षरों में) :

5. पत्र–व्यवहार का पता (स्पष्ट अक्षरों में) :

पिन कोड :

फोन/मोबाईल नं

ईमेल

6. जन्म–तिथि : दिन माह वर्ष

7. राष्ट्रीयता : भारतीय

8. वैवाहिक स्थिति :

| विवाहित | अविवाहित |
|---|---|
| | |

9. आप कौन से वर्ग में हैं :

| सामान्य | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.वर्ग | शा.विकलांग |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

10. शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यताऍ : (मैट्रिक/एसएससी/एचएससी/से प्रारंभ करें)

| डिग्री/डिप्लोमा/ प्रमाण–पत्र का नाम | मुख्य विषय/ विशिष्ट योग्यताएँ | प्राप्तांकों का प्रतिशत | उत्तीर्ण होने का वर्ष | बोर्ड/विश्वविद्यालय |
|---|---|---|---|---|
| दसवीं(एस.एस.सी.) | | | | |
| बारहवीं(एच.एस.सी.) | | | | |
| बी.एस.सी. | | | | |
| | | | | |

11. यदि आप वर्तमान में कोई अध्ययन पाठ्यक्रम कर रहे हैं, तो कृपया लिखें :–

| अध्ययन पाठ्यक्रम | संस्था | पूर्णकालिक/ अंशकालिक | पाठ्यक्रम की अवधि | पूर्ण किए सेमिस्टरों/ विषयों की संख्या | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

12 क्या आपने इस विज्ञापन के अंतर्गत अन्य किसी पद के लिए आवेदन किया हैं, यदि हॉ, तो पद एवं पद कोड का उल्लेख करें

| पद सं. | पद |
|---|---|
| | |

13. संबंधित क्षेत्र में अनुभव (यदि कोई है )

| धारित पद | से | तक | प्रतिष्ठान/कार्यालय का नाम | विशिष्ट उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

14. कुल अनुभव (जैसा कि क्र. सं. 13 में उल्लिखित है।)

| वर्ष | माह |
|---|---|
| | |

15. परमाणु ऊर्जा विभाग अथवा इसकी संघटक इकाइयों में कार्यरत रिश्तेदारों का विवरण

| क्र.सं. | नाम | संबंध | इकाई | पद |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

16. विशेष रूचि का क्षेत्र

17. क्या आपको परमाणु ऊर्जा विभाग से कोई छात्रवृत्ति मिल रही हैं ।
यदि हाँ, तो कृपया विवरण प्रस्तुत करें ।

18. क्या आप केन्द्र/राज्य सरकार/कोई अन्य सावर्जनिक क्षेत्र के उपक्रम में सेवा हेतु किसी संविदागत बाध्यता के अधीन हैं ? यदि हाँ, तो कृपया पूरा ब्यौरा दें ।

19. कम से कम दो ऐसे व्यक्तियों का नाम और पता दें जिनसे आपकी व्यावसायिक–सक्षमता के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं ।

20. क्या आवेदक ने कभी केन्द्र/राज्य सरकार या किसी अन्य प्रतिष्ठान में सेवा की है और पेंशन, ग्रेच्यूटी अथवा नियोजक का भविष्य निधि अंशदान प्राप्त किया हैं या प्राप्त किया जा रहा हैं ।

21. कोई अन्य सूचना जो आप सम्मिलित करना चाहते हैं ।

22. दस्तावेजों की सूची (आवेदन के साथ संलग्न की जाने वाली जाँच सूची के अनुसार)

दिनांक हस्ताक्षर

उम्मीदवारों के लिए जाँच सूची (आवेदन–पत्र के साथ संलग्न की जाए)

1. आवेदन–पत्र की एक प्रति को विधिवत भरकर संलग्न की । ☐
2. फोटोग्राफ चिपकाया । ☐
3. आवेदन–पत्र पर हस्ताक्षर किए । ☐
4. निम्नलिखित प्रमाण–पत्रों की एक–एक सत्यापित प्रति संलग्न कीः– ☐
   1. जन्मतिथि ☐
   2. अजा/अजजा/अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रमाण–पत्र ☐
   3. शैक्षिक योग्यता ☐
   4. अनुभव ☐
   5. जांच सूची संलग्न की ☐

दिनांक हस्ताक्षर